श्याम श्याम गा कर नाचे वो हुई मस्तानी

राधा का दिल चोरी हुआ हुई श्याम दीवानी
श्याम श्याम गा कर नाचे वो हुई मस्तानी

खाना पीना भूल गई वो मखान चोर के प्यार में,
पलके बिछाई बैठी है हाए छलियाँ के इन्तजार में
मन ही मन में सोचे अपनी प्रेम कहानी
श्याम श्याम गा कर नाचे वो हुई मस्तानी

चुरनी ओह्डी गोते दार माथे टिका सजा लिया
गले में हार कानो में झुमके नैनो में काजल डाल लियां
पगली पगली सी हो गई राधा जो थी सयानी
श्याम श्याम गा कर नाचे वो हुई मस्तानी

सपने सजा रही है दिल में इक दिन श्याम आएगा
कहे करिश्मा बन के दूल्हा राधा को ले जायेगा
मीनू ने श्याम तेरे नाम कर दी जिंदगानी
श्याम श्याम गा कर नाचे वो हुई मस्तानी

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19993/title/shyam-shyam-gaa-kar-naache-vo-hui-mastani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |